सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

संपादक : संजय बघेल




मंगलवार 10 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 310 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### बीजेपी ने तीन राज्यों में 4 ऑब्जर्वर नियुक्त किए

**नईदिल्ली।** भाजपा ने बिहार, हरियाणा और ओडिशा में होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए सेंट्रल ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। बिहार के लिए छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को जिम्मेदारी दी गई है। हरियाणा में गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष सांघवी और ओडिशा में महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को ऑब्जर्वर बनाया गया है। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में 16 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना की जाएगी।

### दिल्ली दंगा केस के आरोपी को भाई की शादी के लिए जमानत

**नईदिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को सोमवार को भाई की शादी के लिए 10 दिन की जमानत मिली। कोर्ट ने यह जमानत 20 मार्च से 30 मार्च तक के लिए मंजूर की। इमाम ने पहले छह हफ्ते की राहत मांगी थी। फरवरी 2020 की उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा में 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### तेज रफ्तार डीटीसी बस ने कई गाड़ियों को टक्कर मारी

**नईदिल्ली।** दिल्ली के निहाल विहार इलाके में सोमवार सुबह 9.45 बजे एक तेज रफ्तार छ्रअष्ट बस ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने बस में तोड़फोड़ की और एक दूसरी डीटीसी बस में आग लगा दी। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है ।

### मुख्तार अब्बास नकवी ने ईरानी एंबेसी दुख जताया

**नईदिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता मुख्तार अब्बास नकवी ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर दुख जताने के लिए नई दिल्ली में ईरानी एम्बेसी पहुंचे। अपने दौरे के दौरान नकवी ने ईरानी एम्बेसडर से मुलाकात की और दिवंगत ईरानी नेता को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रबाण
अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए
सिर्फ 100 रुपए महीना
संपर्क : 7000427433

# ईरान जंग से सेंसेक्स 1353 अंक गिरकर 77,566 पर बंद

रुपया 92.33 के ऑलटाइम लो पर पहुंचा; कच्चा तेल 10 दिन में 50% चढ़ा

मुंबई | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमेरिका-इजराइल** और ईरान के कारण शेयर बाजार में आज यानी 9 मार्च को बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 1353 अंक (1.71%) नीचे 77,566 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 422 अंक (1.73%) की गिरावट रही, ये 24,028 पर बंद हुआ। आज बैंक, ऑटो, मेटल, एनर्जी और FMCG शेयरों में ज्यादा बिकवाली रही।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक अपने शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया ऑल टाइम लो पर

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 46 पैसे कमजोर होकर 92.33 के स्तर पर पहुंच गया है। यह रुपए का अब तक का सबसे निचला स्तर है। मिडिल ईस्ट में बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी की वजह से रुपए में यह कमजोरी आई है।

9 मार्च, 2026

### सेंसेक्स 3:30 बजे तक




### चांदी 2000 हजार और सोना 800 रुपए महंगा

सोने और चांदी के दामों में आज यानी 9 मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 800 रुपए बढ़कर 1.60 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 2000 रुपए बढ़कर 2.63 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

### निवेशकों की वेल्थ 22 लाख करोड़ से ज्यादा घटी

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच छिड़ी जंग से निवेशकों की वेल्थ 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट गई है। जंग शुरू होने से पहले यानी 27 फरवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप ज4.63 लाख करोड़ था। लेकिन युद्ध की वजह से बाजार में भारी बिकवाली के कारण 9 मार्च तक यह घटकर ज4.41 लाख करोड़ पर आ गया है।

#### 3 मुख्य वजहें

ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर।
कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।
अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

**कच्चा तेल 10 दिन में 50% चढ़ा**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए। आज यानी 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25% बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था।

# ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा: चर्चा की मांग

सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**संसद** के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा।

सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया।

वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉक आउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खबू हंगामा किया। चेयर के बार-बार बोलने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए थे। राज्यसभा की कार्यवाही अभी जारी है।



### अठावले बोले- विपक्ष को हंगामा करने की आदत

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा- विपक्ष को दोनों सदनों में हंगामा करने की आदत है। वे काम नहीं करना चाहते। आज लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, लेकिन उन्होंने स-इजराइल बनाम ईरान विवाद पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा, विवाद पर भारत का रुख साफ है, हम चाहते हैं कि युद्ध खत्म हो और शांति बनी रहे।

### विदेश मंत्री ने कहा- 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके

- मौजूदा संघर्ष भारत के लिए भी चिंता की बात है। हम पड़ोसी हैं, और वेस्ट एशिया में स्थिरता बनाए रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। खाड़ी देशों में एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं।
- ईरान में भी, कुछ हजार भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए हैं। यह इलाका हमारी एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है और इसमें तेल और गैस के कई जरूरी सप्लायर शामिल हैं। सप्लाई चेन में रुकावटें और अस्थिरता गंभीर मुद्दे हैं।

हमने दो भारतीय नाविकों (मर्चेंट शिपिंग) को खो दिया है, और एक अभी भी लापता है। मुंबई के शिपिंग डायरेक्टरेट जनरल ने 14 जनवरी को भारतीय नाविकों से कहा था कि वे एम्बेसी की एडवाइजरी मानें और किनारे पर बेवजह आने-जाने से बचें।

- वेस्ट एशिया से हमारे लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। 8 मार्च तक हमारे लगभग 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके हैं। संबंधित मंत्रालय जवाब देने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। लड़ाई लगातार बढ़ रही है। इलाके में सुरक्षा की स्थिति काफी खराब हो गई है। असल में, लड़ाई दूसरे देशों में भी फैल गई है। इससे तबाही और मौतें बढ़ रही हैं।
- इजराइल-यूएस और ईरान के बीच लड़ाई जारी है, बल्कि कुछ खाड़ी देशों पर हमले भी हुए हैं। ईरान में लीडरशिप लेवल पर कई लोग मारे गए हैं, साथ ही इस इलाके में इंफ्रास्ट्रक्चर भी तबाह हुआ है।

# ईरान बोला- हम जंग मजबूरी में लड़ रहे

तुर्किये-साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से इनकार किया; इजराइली हमले में ईरान के नए सुप्रीम लीडर घायल



तेल अवीव | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमेरिका-इजराइल** और ईरान जंग का आज 10वां दिन है। ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है, यह उसकी पसंद नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि जंग देश पर जबरन थोपी गई है।

जब उनसे सीजफायर के लिए मध्यस्थता की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह की बात करना गलत होगा। बघाई ने कहा कि इस समय सैन्य टकराव जारी है और ऐसे में देश की रक्षा के अलावा किसी दूसरे विषय पर चर्चा करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान ने इस जंग की शुरुआत नहीं की थी। उनके अनुसार देश को अपनी रक्षा के लिए लड़ना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने तुर्किये, साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से भी इनकार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह इन देशों की दिशा में ईरान की जमीन से कोई हमला शुरू नहीं किया गया।

इस बीच टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की 28 फरवरी को यूएस-इजराइल के हमले में मौत हो गई थी। अयातुल्ला 1989 में रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद से ईरान के सर्वोच्च नेता के पद पर काबिज थे।

# आशुतोष महाराज बोले-21 लाख के लिए मुझ पर हमला किया : अविमुक्तेश्वरानंद अखिलेश यादव के गुरु

मेरे पास शंकराचार्य के खिलाफ तगड़े सबूत

प्रयागराज | एजेंसी
rashtrabaan.in

'21 लाख रुपए के लालच में मुझ पर हमला किया और कराया गया। मुझे कोर्ट तक पहुंचने और सबूत देने से रोकने के लिए यह साजिश रची गई।' यह दावा जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने किया है। आशुतोष, रविवार को रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे कौशांबी में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन में उन पर जानलेवा हमला हुआ।



हमलावर ने उनके नाक, चेहरे और हाथ पर वार किए। उन्हें प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मेडिकल टेस्ट के बाद वह सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उनसे बातचीत की। आशुतोष महाराज ने कहा- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सपा का गुरु है। जितना वह (सपा) लिखकर देते हैं, उतना ही बोलते हैं। वह पैदल यात्रा कर रहा है। लखनऊ पहुंचते ही भाग जाएगा। आशुतोष महाराज ने यह भी दावा किया कि हमले के बाद उन्हें पर्याप्त मदद नहीं मिली। उन्होंने शंकराचार्य पर बटुकों से यौन उत्पीड़न की एफआईआर कराई थी।

# कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है : धोनी

सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया; कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**भारत** की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है।



वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की।

भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा आईसीसी टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है।

### मोदी बोले- जीत कठिन परिश्रम से मिलती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, 'टी 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर टीम इंडिया ने साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, संयम और आत्मविश्वास का संगम ही जीवन में सफलता का मूलमंत्र है। यह जीत हमें यह भी बताती है कि सही दिशा में कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अभीप्सां स्वात्मनो रक्षाऽविरतं सुस्थिरं तया। यत्नमातिष्ठ धैर्येण ततः सिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।।'

# बंगाल पहुंचे चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, कालीघाट में पूजा की

लोगों ने गो-बैक के पोस्टर, काले झंडे दिखाए; बीजेपी की मांग- 3 फेज में ही कराएं चुनाव

कोलकाता | एजेंसी
rashtrabaan.in

**मुख्य** चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे।



मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे।

इधर, बीजेपी के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होने वाला है।

सीजेआई ने पूछा-आधी रात को पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या; फालतू बताकर 5 याचिकाएं खारिज

# सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन /जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा- आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या?

सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था।



### एडवोकेट सचिन गुप्ता की ये याचिकाएं भी खारिज

शराब और तंबाकू प्रोडक्ट्स में नुकसानदायक कंटेंट को रेगुलेट करने के लिए निर्देश देने की मांग।
प्रॉपर्टी का जरूरी रजिस्ट्रेशन पक्का करने के लिए निर्देश देने की मांग।
क्लासिकल भाषाओं की घोषणा पर गाइडलाइंस की मांग

**सीजेआई बोले- आप जैन समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाना चाहते हैं**

प्याज और लहसुन से संबंधित पिटीशन में जैन समुदाय के खाने-पीने के तरीकों का जिक्र था, जो पारंपरिक रूप से प्याज, लहसुन और जड़ वाली सब्जियों को तामसिक खाना मानते हुए उनसे परहेज करते हैं।

सीजेआई ने गुप्ता से पूछा, 'आप जैन समुदाय की भावनाओं को ठेस क्यों पहुँचाना चाहते हैं?

**बेंच ने कहा- आप वकील नहीं होते फाइन लगाते**

बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर पिटीशनर वकील नहीं होता तो हम बहुत ज्यादा फाइन लगाकर इसे खारिज करते। बेंच ने आगे कहा कि याचिका कैजुअल ड्राफ्टिंग और सुप्रीम कोर्ट पर बोझ डालने का एक उदाहरण है। गुप्ता को चेतावनी दी गई कि अगली बार जब आप ऐसी पिटीशन फाइल करेंगे, तो बहुत ज्यादा फाइन लगाएंगे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 10 मार्च 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

## अनिश्चितकालीन आंदोलन का 11वां दिन कलेक्टर से करेंगे शिकायत

सारनी | संवाददाता
rashtrabaan.in



वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के पाथाखेड़ा क्षेत्र की तवा-2 भूमिगत कोयला खदान में ठेका मजदूरों का बकाया वेतन और कथित शोषण को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन सोमवार को ग्यारहवें दिन भी जारी रहा, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया। लगातार संघर्ष के बावजूद मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदारों और कुछ अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

सूत्रों के अनुसार यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि पिछले लगभग 20 वर्षों से कम पढ़े-लिखे और आर्थिक रूप से कमजोर मजदूरों का फायदा उठाकर ठेकेदारों द्वारा उनका शोषण किया जाता रहा है। मजदूरों का कहना है कि वर्षों से चले आ रहे इस अन्याय के खिलाफ अब वे जिला कलेक्टर को शिकायत सौंपने की तैयारी कर रहे हैं।

सोमवार सुबह करीब 8 बजे ठेकेदार जे.के. इंफो के जाहिद खान द्वारा कथित रूप से बाहरी अनस्किल्ड मजदूरों को प्राइवेट बंदूकधारी गार्डों के साथ तवा-2 खदान में काम के लिए भेजे जाने से माहौल और गरमा गया। आंदोलन पर बैठे मजदूरों ने इसे आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश बताते हुए कड़ा विरोध किया।

मामले को लेकर तवा-2 खदान के सब एरिया मैनेजर सत्यनारायण से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि खदान में काम के लिए ठेकेदार बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त मजदूरों को भेज सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी मजदूरों द्वारा खदान परिसर में प्राइवेट बंदूकधारियों की मौजूदगी पर आपत्ति जताने के बाद उन्होंने तत्काल अधिकारियों को फोन कर गार्डों को परिसर से बाहर भेजने के निर्देश दिए।

बताया जा रहा है कि तीन मजदूर खदान परिसर के अंदर होने के कारण अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी। पाथाखेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मजदूरों को बाहर जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान श्रमिक नेता प्रदीप नागले, संतोष देशमुख और मनोज पवार ने थाना प्रभारी जयपाल इवनाती से चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। आंदोलनकारी मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि शोषण और बाहरी मजदूरों की भर्ती पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन और उग्र होगा। मजदूरों ने मंगलवार सुबह जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी से मिलकर ज्ञापन सौंपने तथा श्रम विभाग और अनुसूचित जनजाति विभाग में भी शिकायत दर्ज कराने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वर्षों से हो रहे शोषण के खिलाफ अब न्याय की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है।

## चेक बाउंस केस में परिवादी की आय से अधिक ऋण देने का खुलासा, आरोपी को मजबूत राहत

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिला न्यायालय बैतूल के अंतर्गत न्यायिक दण्डाधिकारी, भैसदेही की अदालत में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के एक महत्वपूर्ण मामले (एससीएनआईए 10/2020) में आरोपी भारत डडोरे (निवासी नयेगाव, तहसील आठनेर) को बड़ी राहत मिली है। परिवादी महेश घीघोड़े (निवासी भैसदेही) द्वारा 2 लाख रुपये के चेक अनादरण का परिवाद दायर किया गया था, लेकिन आरोपी की याचिका पर न्यायालय द्वारा मांगी गई आयकर विवरणी से मामला पूरी तरह पलट गया। परिवादी ने खुद को उच्च आय वर्ग का आयकर दाता तथा कृषक एवं स्कूल संचालक बताया था। अक्टूबर 2019 में आरोपी को 2 लाख रुपये उधार देने का दावा किया गया, जबकि नवंबर 2019 में एक अन्य मामले में उन्होंने 7 लाख रुपये ग्राम पंचायत सचिव को उधार देने की बात कही थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता भारत सेन ने परिवादी की वित्तीय क्षमता पर सवाल उठाते हुए आयकर विवरणी तलब करने की याचिका दी, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया। परिवादी आयकर दायरे में नहीं आता, इसलिए कोई कर नहीं लगा। आयकर विवरणी में वे कृषक या स्कूल संचालक नहीं, बल्कि मात्र टेंट हाउस संचालक दिखाए गए हैं। इन आय स्तरों से इतनी बड़ी राशि (2 लाख + अन्य उधार) नकद उधार देना संभव नहीं लगता। बचाव पक्ष ने एक अन्य विचाराधीन मामले का हवाला दिया, जहां परिवादी ने एक ही वित्तीय वर्ष में दो व्यक्तियों को कुल 9 लाख रुपये नकद उधार दिए थे, जो उनकी घोषित आय से कहीं अधिक है। परिवाद पत्र में बताया गया नगद लेन देन आयकर विवरणी में अज्ञात है।

### बचाव पक्ष की मजबूत रणनीति

अधिवक्ता भारत सेन (चेक बाउंस कानून के विशेषज्ञ) ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले परिवादी द्वारा पिछले 5 वर्षों में कितने चेक बाउंस परिवाद दायर किए, इसकी जांच की। इससे परिवादी की आदत और वित्तीय स्थिति पर सवाल उठे। धारा 138 के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों (जैसे जहां आरोपी ने परिवादी की आयकर रिटर्न दिखाकर वित्तीय क्षमता की कमी साबित की और बरी हो गए) के अनुसार, आरोपी को संभावनाओं की प्रबलता के आधार पर प्रतिकूल अनुमान से बचाव का मौका मिलता है। यहां परिवादी की आय से अधिक ऋण देने का दावा अविश्वसनीय साबित हुआ है।

### अब क्या होगा?

न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर ली है और मामले को अंतिम तर्क के लिए 10 अप्रैल 2026 नियत किया गया है। ऐसे मामलों में जहां परिवादी की वित्तीय क्षमता सिद्ध नहीं होती, अदालतें अक्सर आरोपी को लाभ देती हैं, क्योंकि यह कानूनी दायित्व की मौजूदगी पर सवाल उठाता है। आरोपी पक्ष को इस खुलासे से मजबूत स्थिति मिली है और बरी होने की संभावना बढ़ गई है। यह मामला एक उदाहरण हैं जो कि चेक बाउंस मामलों में परिवादी की वित्तीय पारदर्शिता की जांच को महत्वपूर्ण बनाता है, जिससे निर्दोष आरोपी सुरक्षित हो सकें।

## जेएच कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर हुआ व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई

### साइबर ब्रांच के उपनिरीक्षक ने विद्यार्थियों को बताए साइबर अपराध से बचाव के उपाय




बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर जेएच कॉलेज में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की अर्चना से हुई।

स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो राकेश कुमार पवार ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में लोगों को सतर्क और सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं और उनसे बचाव के वैधानिक उपायों की जानकारी देना है, ताकि वे इस क्षेत्र में जागरूक बन सकें।

विशेष अतिथि शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हर्षवर्धन यादव ने कहा कि साइबर की दुनिया में समय और स्थान की सीमाएं समाप्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि सही जानकारी के अभाव में शिक्षित और बुद्धिजीवी वर्ग भी साइबर अपराधों का शिकार हो रहा है। विद्यार्थियों से उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।

मुख्य वक्ता के रूप में साइबर ब्रांच बैतूल के उपनिरीक्षक नवीन सोनकर ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निजी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए और किसी भी प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें या [www.cybercrime.gov.in](http://www.cybercrime.gov.in) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

### पोस्टर प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने लिया भाग

कार्यक्रम के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें लगभग 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी जैन ने प्रथम, एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिल्पा बोस ने द्वितीय तथा बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अलका काजले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बीडी नागले ने की। संचालन प्रो संतोष पवार ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो योगेश्वरी पवार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ लोकेश नरवरे, डॉ राहुल सिंह ठाकुर, प्रो हितेश जैन और सचिन यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## नि :शुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर आज से

### शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं आयुष विंग में महिला-पुरुष आयुर्वेद विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं आयुष विंग बैतूल में बसंत ऋतु के अवसर पर निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के लिए आज 11 मार्च से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया जाएगा।

इस दौरान त्वचा रोग, मोटापा, पेट के रोग, जोड़ों का दर्द, लकवा रोग, अनिद्रा सहित विभिन्न बीमारियों के मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। रोग के अनुसार स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन, बस्ति, शिरोधारा एवं नस्य जैसी विशेष पंचकर्म क्रियाएं कराई जाएंगी।

शिविर में महिला एवं पुरुष आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। जिला आयुष अधिकारी ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पंजीयन कराकर पंचकर्म चिकित्सा का लाभ लेने का आव्हान किया है।

## सुधीर चौकीकर बने जिला मीडिया समन्वयक, संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने आप ने सौंपी जिम्मेदारी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

आम आदमी पार्टी ने संगठन की गतिविधियों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से सामने लाने और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता देने के उद्देश्य से बैतूल जिले में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विंग के लिए नई जिम्मेदारी घोषित की है। पार्टी संगठन द्वारा जारी आदेश में पत्रकार एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े सुधीर चौकीकर को जिला कोऑर्डिनेटर (प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बैतूल) नियुक्त किया गया है।

नियुक्ति के बाद सुधीर चौकीकर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी संगठन के विश्वास और साथियों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और संगठन की गतिविधियों को प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाएगा।

सुधीर चौकीकर के जिला मीडिया समन्वयक बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में अजय सोनी, शंकर पेंदाम, सपन कामला, ईश्वर दास साबले, मुकेश गायकवाड़, विनोद जगताप, श्रीराम मानकर, विशाल भालेकर, शिबू विश्वकर्मा, अशोक सोनारे, आशीष ठाकरे, रोहित पाल, रमेश भूमरकर, सुरेश जावलकर, सिराज खान, दुर्गा भूमरकर, थब्बीराम डोंगरे, अजय सरणकर, मनोहर पचोरिया, संजय खातरकर, प्रीतम भूमकर, संतोष चौकीकर, पवन मनवर सहित अन्य साथियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## टीआरएस स्कूल में मनाया महिला दिवस

सारनी | संवाददाता
rashtrabaan.in



ठाकुर रघुराज सिंह (टी.आर.एस.) मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल बगडोना में महिला दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष रामवती जाट, सरिता सूर्यवंशी और मीना गुप्ता थी।

इस दौरान कुर्सी दौड़, पासिंग द पार्सल सहित अन्य मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने इन रोचक खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर और व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्मिता सिंह, वर्षा देशमुख और शीला राजपूत का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में कीर्ति राय, कंचन सोनी, सोनी मिश्रा, नीलम राजपूत, माधवी हलवे, मीता अमृते, सोना राय, परमिला साहू, पूजा साहू और राधिका साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार टीआरएस स्कूल की प्राचार्य स्मिता सिंह ने माना।

## एक पेड़ सौ पुण्य के भाव के साथ वायगांव में चलाया पौधारोपण अभियान

### वॉलीबॉल ग्राउंड में रोपे ट्रैवल ट्री पॉम के पौधे, युवाओं ने लिया हरित भविष्य का संकल्प



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मासोद मंडल के वायगांव में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में वॉलीबॉल ग्राउंड पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैवल ट्री पॉम के पौधे लगाए गए और उपस्थित सभी लोगों ने प्रकृति को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

पौधारोपण कार्यक्रम में संजू लिखितकर उप सरपंच एवं जिला संयोजक भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया, अजय निराकार सहायक सचिव ग्राम पंचायत वायगांव, प्रमोद धोटे पूर्व जनपद सदस्य, सरिता धोटे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजू काले, बालकिशन भोयरे और कुमारी निकिता राऊत सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी वॉलीबॉल ग्राउंड में इलायची, लौंग, सुपारी, नारियल और बादाम जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जा चुके हैं। ये सभी पौधे वर्तमान में सुरक्षित हैं और अच्छी तरह बढ़ रहे हैं। वायगांव के युवाओं और ग्रामीणों द्वारा लगातार हरित वातावरण बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। एक पेड़ सौ पुण्य के भाव के साथ सभी ने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### ग्रामीण विकास पर हुआ मंथन, ग्रामीणों ने साझा किये विचार

## पाढर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण संपन्न

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in




मप्र जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार और वर्ष 2025-26 की त्रैमासिक कार्ययोजना के अंतर्गत, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कासा रिसोर्स सेंटर, पाढर में किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में घोड़ाडोंगरी एवं पाढर क्षेत्र की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र उइके, प्रदीप विश्वास और जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल समन्वय ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत द्वारा किया गया।

### ग्रामीण विकास की मजबूत कड़ी हैं समितियां

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री उइके ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास की सबसे मजबूत कड़ी हैं। यदि समिति के सदस्य शासन की योजनाओं की सटीक जानकारी रखें और अपने दायित्वों को समझकर कार्य करें, तो गांवों के समग्र विकास को एक नई और सकारात्मक दिशा मिल सकती है। वहीं, जबकि प्रदीप विश्वास ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सदस्यों की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे वे शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्षम बनते हैं। उन्होंने सभी से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने ग्राम स्तर पर जनभागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ग्राम विकास के कार्यों को गति देने की बात कही।

### विषय विशेषज्ञों ने दी तकनीकी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास की अवधारणा पर श्याम बेलवंशी ने विस्तार से प्रकाश डाला और विकास कार्यों की दिशा व महत्व समझाया। इसके साथ ही, परामर्शदाता जतिन प्रजापति ने दस्तावेजीकरण के महत्व को समझाते हुए बताया कि किसी भी गतिविधि का सही दस्तावेजीकरण संस्थागत कार्यों को प्रभावी और पारदर्शी बनाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन नवांकुर संस्था (एकता ग्रामीणजन सहयोग संस्था) के संतोष इवने द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा सभी समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 10 मार्च 2026

# बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

## लालबर्रा से बालाघाट रोड पर बेहरई में मुख्य सड़क किनारे जल भराव, दुर्घटना को आमंत्रण

## राहगीर घायल हुए या मौत हुई तो इसका जिम्मेदार कौन ?

**लालबर्रा।** सिवनी– बालाघाट मार्ग पर, लालबर्रा से बालाघाट के बीच ग्राम बेहरई में बौद्ध विहार के सामने मुख्य सड़क के किनारे जल भराव हो गया है। जहां पर सड़क में मोड़ भी है। जिससे सिवनी लालबर्रा की तरफ से बालाघाट की ओर आने वाले एवं बालाघाट से लालबर्रा सिवनी की ओर जाने वाले दोपहिया चौपहिया वाहनों के बीच सड़क के किनारे जल भराव के कारण गंभीर दुर्घटना घट सकती है। मुख्य मार्ग पर जल भराव की स्थिति न बने। इसके लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कर्मचारी, ठेकेदार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस मार्ग से यात्रा करने वाले राहगीरों के हित में सफल प्रयास करना चाहिए, ताकि कोई भी राहगीर दुर्घटना का शिकार न हो सके। यदि इस मुख्य सड़क पर जल भराव की स्थिति के कारण दुर्घटना होने से किसी राहगीर की जान चली जाये, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ? जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कर्मचारी या ठेकेदार या जनप्रतिनिधि या स्वयं राहगीर ?



## स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ अभद्रता पर आक्रोश

### कार्रवाई न होने पर तिरोड़ी में काम बंद करने की चेतावनी

राष्ट्रबाण कटंगी | संवाददाता rashtrabaan.in

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरोड़ी में डॉक्टरों और महिला स्टाफ के साथ हुई अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की घटना को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले में पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से नाराज न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ब्लॉक शाखा कटंगी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 5 मार्च 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरोड़ी में पदस्थ डॉ. बनवारी लाल मीणा और वहां उपस्थित महिला स्टाफ के साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई थी। इस संबंध में थाना तिरोड़ी में उसी दिन शिकायत दर्ज करवाई गई थी। वही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल है कर्मचारी संघ का आरोप है कि शिकायत दर्ज हुए कई दिन बीत जाने के बाद भी तिरोड़ी पुलिस द्वारा दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार राहंगडाले ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को सौंपे पत्र में कहा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से विभाग के कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना और गहरा रोष है। स्वास्थ्य सेवाएं संघ ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अगले 7 दिनों के भीतर इस प्रकरण में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है तो विकासखंड कटंगी के समस्त स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी काम बंद कर धरना प्रदर्शन करेंगे। संघ ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि इस हड़ताल के कारण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक बालाघाट को भी सूचनार्थ भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस अल्टीमेटम के बाद क्या कदम उठाता है।

## परंपरागत धान की खेती छोड़ सब्जी उत्पादन से बनी सफल महिला कृषक



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के ग्राम नैतरा की महिला कृषक श्रीमती धुरवंता रनगिरे ने परंपरागत धान की खेती छोड़कर सब्जियों की खेती अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है। आज वे उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन से एक सफल व्यवसायिक कृषक बन चुकी हैं और सब्जी उत्पादन से एक एकड़ में लगभग 1.50 लाख रुपये तक की शुद्ध आय प्राप्त कर रही हैं। उनकी यह सफलता कहानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है। उद्यानिकी विभाग की उद्यान विस्तार अधिकारी सुश्री रानी अमूले के मार्गदर्शन में श्रीमती धुरवंता रनगिरे को विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया गया। उनके खेत में पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत 55 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई है। इसके साथ ही एमआईडीएच योजना (संरक्षित खेती) के अंतर्गत मल्चिंग के लिए भी उन्हें अनुदान प्रदान किया गया है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उनकी खेती की लागत कम हुई और उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषक धुरवंता रनगिरे बताती हैं कि पहले वे केवल धान की खेती करती थीं, जिससे सीमित आय ही हो पाती थी। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन से उन्होंने सब्जी उत्पादन की शुरुआत की और अब वे 3 एकड़ भूमि में सब्जियों की खेती कर रही हैं। वर्तमान में उनके खेत में एक-एक एकड़ क्षेत्र में बैंगन, टमाटर और पत्तागोभी की फसल लगी हुई है, जिससे उन्हें बेहतर आय प्राप्त हो रही है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग और विभागीय योजनाओं के लाभ से आज श्रीमती धुरवंता रनगिरे एक सफल महिला कृषक के रूप में पहचान बना चुकी हैं। उनकी मेहनत और सफलता से आसपास के क्षेत्र की अन्य महिला कृषक भी प्रेरित हो रही हैं और उद्यानिकी फसलों की खेती अपनाने की ओर अग्रसर हो रही हैं।

## टीएल बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

09 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पीएम राहत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि सडक दुर्घटनाओं में घायलों की जीवन रक्षा के लिए शुरू की गई पीएम राहत योजना के प्रकरण शीघ्रता से तैयार करें। इस योजना में सडक दुर्घटना में घायल के उपचार के लिए पहले सात दिनों तक 01 लाख 50 हजार रुपए का खर्च शासन द्वारा वहन किया जाना है। इस योजना का लाभ जिले में होने वाली सडक दुर्घटनाओं के घायलों को अनिवार्य रूप से दिलाया जाए। जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यात्री बसो में निर्धारित राशि से अधिक किराया न लिया जाए इसके लिए ऑनलाईन बूकिंग एवं टिकट बिक्री पर कडी निगरानी रखे। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नवेगांव एवं कोथुरना के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में बालिका शौचालय का कार्य शीघ्र पूर्ण करें।



### अब तक 2251 बालिकाओं का हुआ एचपीवी टीकाकरण, बालाघाट प्रदेश में प्रथम स्थान पर

बैठक में सर्वप्रथम 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालाघाट जिले में 14 वर्ष आयु की 15 हजार 541 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 08 मार्च तक 2251 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है और लगभग 15 प्रतिशत उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखंड कटंगी में 7.4 प्रतिशत, लालबर्रा में 08 प्रतिशत बालिकाओं को टीका लगाया गया है, जबकि लामता में बहुत कम संख्या में टीका लगाया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और कटंगी, लालबर्रा व लामता के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य 20 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रावास अधीक्षिका, विद्यालयों के प्राचार्य एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारियों को समन्वय बनाकर 14 वर्ष आयु की सभी बालिकाओं का टीकाकरण शीघ्रता से कराने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान कटंगी के बीएमओ द्वारा बताया गया कि एचपीवी टीकाकरण के प्रति भ्रामक जानकारी होने के कारण अभिभावक टीका लगाने में संकोच कर रहे है। इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जिले में पालकों एवं अभिभावकों को इस टीके के प्रति जागरूक किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह एक महत्वपूर्ण टीका है और इसका कोई दुष्प्रभाव शरीर पर नही होता है। जिले में अब तक 2251 बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है और किसी भी बालिका में इसका दुष्प्रभाव नजर नही आया है।

### आगामी माह में आयोजित होगा बैगा महोत्सव

बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि आगामी माह में आयोजित होने वाले बैगा महोत्सव में बैगा जनजाति की संस्कृति एवं परम्पराओं के संरक्षण को लेकर कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार करें। बैगा महोत्सव में विशाल स्वास्थ्य शिविर, पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, आधार अपडेशन कैम्प, कोदो कुटकी मिलेट का प्रदर्शन आदि भी शामिल किया जाना है। उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में जैविक उत्पाद विक्रय केंद्र शीघ्र प्रारंभ करें। बैठक में जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन का लक्ष्य शीघ्रता से पूर्ण करें। इसके लिए सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायो के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से समन्वय कर लक्ष्य पूर्ण करने कहा गया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को लोक कल्याण सरोवर योजना के अंतर्गत सडक निर्माण करने वाले ठेकेदारों से तालाब निर्माण कराने के निर्देश दिये गए। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को वन एवं राजस्व विभाग से समन्वय कर वनग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढाने के निर्देश दिये गए। जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरण का लक्ष्य पूर्ण करने एवं गैस कनेक्शन शीघ्रता से वितरण करने के निर्देश दिये गए।

### सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश

बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को समय सीमा में अटेंड नही करने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। इसमें जिला शहरी विकास अभिकरण एवं जनजातीय कार्य विभाग के नोडल अधिकारी का आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा में आवेदक को सेवा प्रदाय नही करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गए। जिले के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिये गए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों को भी अपने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिये गए।

## एचपीवी टीकाकरण में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए राष्ट्व्यापी अभियान चलाया जा रहा है। बालाघाट जिला इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण में प्रदेश के सभी जिलों में प्रथम स्थान पर है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले में 15 हजार 541 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 28 फरवरी से बालाघाट जिले में यह अभियान प्रारंभ किया गया है। 08 मार्च तक 14.48 प्रतिशत बालिकाओं का टीकाकरण कर बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। खरगोन जिला 12.65 प्रतिशत टीकाकरण के साथ दूसरे स्थान पर है और मुरैना जिला 10.12 प्रतिशत टीकाकरण के साथ तीसरे स्थान पर है। डा परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले को 30 मार्च तक 14 वर्ष की 15 हजार 541 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन इस लक्ष्य को 20 मार्च तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायतों में कार्यशालाएं

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष गतिविधियाँ आयोजित



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों एवं विकासखंड स्तर पर महिला सशक्तिकरण से संबंधित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और उनसे जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंगोदिया एवं जनजाति विभाग प्रमुख श्रीमती शकुंतला डामोर ने जिले के सावित्री फुले बालिका गृह पहुंचकर वहां निवासरत बालिकाओं के साथ अंतर्राष्टीय महिला दिवस मनाया। इस दौरान बालिकाओं के हाथों से केक कटवाया गया और उनके साथ संवाद कर उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण (1 फरवरी से 8 मार्च 2026) के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विकासखंड वारासिवनी की ग्राम पंचायत गर्रा और रामपायली, किरनापुर की मर्री और बम्हनी, बिरसा की सालेटेकरी और बेहराभाटा तथा परसवाड़ा विकासखंड की खापाखेड़ा, सुकड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट और बैहर द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में ग्राम सभाओं के दौरान बाल विवाह रोकथाम को विशेष एजेंडा के रूप में शामिल किया गया और ग्राम को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही संभावित बाल विवाह वाले परिवारों की पहचान कर उन्हें समझाइश देने और सतत निगरानी रखने पर भी चर्चा की गई।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश प्रक्रिया शुरू

### 13 से 28 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन, 2 अप्रैल को लॉटरी से होगा स्कूल आवंटन

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में गैर-अनुदान प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के माध्यम से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत अभिभावक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस अथवा विस्तारित पड़ोस के निजी स्कूलों में उपलब्ध सीटों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करते समय अभिभावकों को न्यूनतम 3 और अधिकतम 10 स्कूलों का चयन करना होगा। इसके लिए बच्चे की समग्र आईडी दर्ज कर आधार के माध्यम से सत्यापन कराना अनिवार्य रहेगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभिभावकों को निर्धारित सत्यापन केंद्र, यानी शासकीय जनशिक्षा केंद्र में जाकर अपने आवेदन का मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन कराना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से निजी विद्यालय आवंटित किए जाएंगे। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार 9 मार्च 2026 से आरटीई पोर्टल पर निजी स्कूलों और उपलब्ध सीटों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक चलेगी, जबकि दस्तावेजों का सत्यापन 14 मार्च से 30 मार्च 2026 तक किया जाएगा। पात्र विद्यार्थियों को 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश संबंधित स्कूलों में 3 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच कराया जाएगा।

### मुख्यमंत्री बाल श्रवण उपचार योजना से जन्म से श्रवण बाधित बच्चों को मिली नई उम्मीद

## बच्चों ने जब कानों से सुनी दुनिया की आवाज माता-पिता के चेहरों पर भी खिल उठी मुस्कान

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

कभी अपने बच्चों को आवाज देकर भी कोई जवाब न मिलने की पीड़ा जिन माता-पिता ने झेली हो, उनके लिए यह पल किसी चमत्कार से कम नहीं था। सोमवार 09 मार्च को जिला अस्पताल बालाघाट के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में जब जन्म से श्रवण बाधित बच्चों का फॉलोअप हुआ तो बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता के चेहरों पर भी सुकून और खुशी साफ नजर आई। विश्व श्रवण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस फॉलोअप में समक्ष सहारे (3 वर्ष) ग्राम पौड़ी उकवा, ब्लॉक



परसवाड़ा, अर्पिता संयम (3 वर्ष) ग्राम झंगुल, ब्लॉक परसवाड़ा, नायरा कटरे (5 वर्ष) ग्राम छिंदीटोला, वारासिवनी और टाटरी (5 वर्ष) वार्ड क्रमांक 11, बैहर अपने माता-पिता के साथ डीईआईसी पहुंचे। कभी सुन और बोल नहीं पाने वाले ये बच्चे अब उपचार और नियमित स्पीच थेरेपी के बाद धीरे-धीरे आवाजों को पहचानने और बोलने की कोशिश कर रहे हैं। इन बच्चों को देखकर माता-पिता की आंखों में खुशी और राहत साफ झलक रही थी। उनका कहना था कि जिस उम्मीद को वे लगभग खो चुके थे, वह सरकार की योजना से फिर लौट आई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि इन बच्चों का उपचार अप्रैल-मई माह में मुख्यमंत्री बाल श्रवण उपचार योजना के अंतर्गत राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पूरी तरह निःशुल्क कराया गया था। सर्जरी के बाद बच्चों को एक वर्ष तक नियमित स्पीच थेरेपी दी जा रही है, ताकि वे सामान्य बच्चों की तरह सुन और बोल सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत एक बच्चे की सर्जरी और उपचार के लिए करीब 6 लाख 50 हजार रुपये तक की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इतनी बड़ी राशि आम परिवारों के लिए जुटाना बेहद मुश्किल होता है, लेकिन इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों का इलाज पूरी तरह निःशुल्क हो रहा है। फॉलोअप के दौरान ऑडियोलॉजिस्ट आशीष रंगारे ने बच्चों की ऑडियोमेट्री जांच की और स्पीच थेरेपी दी। वहीं डीईआईसी प्रबंधक राजाराम चक्रवर्ती ने माता-पिता से बच्चों की प्रगति और अस्पताल द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि यदि कोई बच्चा जन्म से सुन नहीं पाता या बोलने में परेशानी होती है तो उसके माता-पिता तुरंत डीईआईसी में पंजीयन कराएं। समय पर उपचार मिलने से ऐसे बच्चों को भी सामान्य जीवन जीने का अवसर मिल सकता है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 10 मार्च 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# सियासत का 'गुंडा' राज?

## दलित को पीटने वाले नितेन्द्र को मिला सांसद प्रतिनिधि का इनाम!

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**लोकतंत्र** के मंदिर में बैठने वाले जब दबंगई को पुरस्कृत करने लगें, तो समझ लीजिए कि नैतिकता ने दम तोड़ दिया है। सिवनी जिले से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसने भाजपा के सबका साथ, सबका विकास के नारे की धज्जियाँ उड़ाते नजर आ रही हैं। एक तरफ दलितों और आदिवासियों के उत्थान की बातें की जाती हैं, वहीं दूसरी तरफ सांसद भारती पारधी ने एक ऐसे व्यक्ति को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है, जिसका वीडियो सरेआम एक दलित कोटवार को पीटते हुए वायरल हो रहा है, हालांकि यह वीडियो पांच साल पुराना बताया जा रहा है।

वही आरोप है कि नितेंद्र उर्फ गुड्डू बघेल ग्राम संगाई निवासी द्वारा अनुसूचित जाति के एक युवक कोटवार के साथ गाली-गलौज और सरेआम मारपीट की थी। यह वीडियो उस समय भी वायरल हुआ लेकिन पीड़ित द्वारा भय वश शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।अब नितेन्द्र बघेल उर्फ़ गुड्डू को सांसद द्वारा इनाम में जनपद पंचायत सिवनी का सांसद प्रतिनिधि नवाजा गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि जब रक्षक ही भक्षकों को कंधे पर बिठाएंगे, तो आम आदमी न्याय की गुहार किससे लगाएगा? इससे ऐसा लगता है कि सिवनी भाजपा ने आदिवासियों और दलितों के दमन की कसम खा रखी है।



भारती पारधी, सांसद
अत्याचारियों को दिया इनाम, दलित समाज में दहशत।



• नितेन्द्र बघेल उर्फ़ गुड्डू, नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि : सत्ता के अहंकार में दलित पर चलाया हाथ।

### नितेन्द्र का विवादों से पुराना

दलित कोटवार की पिटाई वीडियो के बाद नितेन्द्र बघेल एक बार फिर सुर्खियों में है। लेकिन हम अपने सुधि पाठको को बता दें की नितेन्द्र बघेल का पुराना नाता रहा है। इसके पूर्व में नितेन्द्र बघेल अपने खेत में जुआ फड़ खिलाने के लिए सुर्खियां बटौर चूका है। उस समय नितेन्द्र मंडल अध्यक्ष पद पर विराजमान था। राष्ट्रबाण ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था जिसके बाद नितेन्द्र को पद हटाया गया था।

### सांसद भारती से सीधा सवाल

अब सीधा सवाल सांसद भारती परधी से है कि आखिर भाजपा नेता बनाम गुंडा नितेन्द्र के लिए किसने की थी अनुशंसा? क्या सांसद को नितेंद्र बघेल का हिंसक चेहरा नजर नहीं आया या फिर रसूख के आगे नैतिकता बौनी हो गई? बता दें की यह वीडियो पांच साल पुराना बताया जा रहा है, मतलब साफ है की इस घटना की जानकारी होने के वावजूद सांसद ने नितेन्द्र को दलित की पिटाई का ईनाम जनपद सिवनी में सांसद प्रतिनिधी के रूप में दिया। लेकिन अब मामले ने फिर से टूल पकड़ा है तो ऐसे में सवाल उठता है, क्या अब छीना जाएगा पद? वीडियो वायरल होने और किरकिरी होने के बाद क्या सांसद भारती पारधी ऐसे निरदई लोगो को पद से हटाएंगी या फिर दबंगई को इसी तरह खाद-पानी मिलता रहेगा? राष्ट्रबाण ने सांसद भारती पारधी से दूरभाष पर संपर्क किया लेकिन उन्होंने ने फ़ोन नहीं उठाया। वही आम जनता का कहना है कि यह घटना केवल एक मारपीट का मामला नहीं है, बल्कि उस मानसिकता का प्रमाण है जहाँ कानून का डर खत्म हो चुका है। अब सबको इंतजार है कि प्रशासन और संगठन इस सांसद प्रतिनिधि पर क्या एक्शन लेते हैं।

# सियासी रसूख में 'फोन-पे वसूली' का आरोप

## जमीन पट्टा दिलाने के नाम पर 25 हजार की मांग

### भाजपा नेताओं से नजदीकी पर उठे सवाल

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in



मयंक तिवारी, भाजपा नेता : बड़े नेताओ की कृपा से मिल रहा वसूली का आशीर्वाद !



**मीना बिसेन**, भाजपा जिलाध्यक्ष : क्या करीबियों को दी वसूली की छूट?



**दिनेश राय**
विधायक सिवनी : पीड़ित को न्याय दिलाओ साहब।



**कमल मर्स्कोले**, विधायक बरघाट : बताओ साहब कमीशन कितना सेट है ?



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ भाजपा का वसुलर मयंक!

**जिले** की राजनीति में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने स्थानीय स्तर पर हलचल मचा दी है। आरोप है कि राजनीतिक रसूख और भाजपा नेताओं से करीबी का फायदा उठाकर एक युवक ने जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर डिजिटल माध्यम से पैसे वसूल लिए। पीड़ित का दावा है कि पैसे लेने के सात महीने बाद भी न तो पट्टा मिला और न ही रकम वापस हुई। अब यह मामला संगठन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंच गया है, जिससे जिले की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

यह मामला सिवनी जिले के ग्राम सुकतारा से जुड़ा बताया जा रहा है। गांव के निवासी मनोज कोहरे ने आरोप लगाया है कि मयंक तिवारी नाम के युवक ने उन्हें ग्राम पंचायत कलबोड़ी में जमीन का पट्टा दिलाने का भरोसा दिया था। मनोज के मुताबिक मयंक ने इसके बदले 25 हजार रुपये की मांग की। भरोसे में आकर मनोज ने 18 जुलाई 2025 को डिजिटल पेमेंट के जरिए मयंक के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए।

मनोज का कहना है कि भुगतान करने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही पट्टा मिल जाएगा, लेकिन समय बीतता गया और कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। पीड़ित के अनुसार सात महीने गुजर जाने के बाद भी न तो पट्टा मिला और न ही पैसे वापस किए गए। जब भी उन्होंने पैसे वापस मांगने या पट्टा दिलाने की बात कही, तो उन्हें सिर्फ आश्वासन और नई-नई तारीखें दी जाती रहीं।

इस मामले में सबसे ज्यादा चर्चा मयंक तिवारी की कथित राजनीतिक नजदीकियों को लेकर हो रही है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि मयंक खुद को भाजपा नेताओं के बेहद करीब बताते हैं और इसी प्रभाव का इस्तेमाल लोगों को भरोसा दिलाने के लिए करते हैं। आरोप है कि यही वजह रही कि पीड़ित ने उन पर विश्वास कर लिया।

मामले को लेकर एक और दिलचस्प पहलू सामने आया है। बताया जा रहा है कि 5 जनवरी को मयंक तिवारी के जन्मदिन के मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन और उनके पुत्र गौरव बिसेन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके अलावा हाल ही में जब जिले के संगठन प्रभारी और विधायक अशोक रोहाणी सिवनी दौरे पर आए, तब भी मयंक कार्यक्रम में सक्रिय दिखाई दिया। कार्यक्रम के मंच पर मौजूदगी और नेताओं के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि मयंक का स्थानीय राजनीतिक हलकों में अच्छा प्रभाव है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई इन तस्वीरों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि इन तस्वीरों के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि मयंक के खिलाफ शिकायत करने वालों को कोई खास परिणाम नहीं मिलेगा, क्योंकि उनके पीछे बड़े नेताओं का समर्थन है। हालांकि इस बारे में संबंधित नेताओं की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

इधर पीड़ित मनोज कोहरे ने न्याय की उम्मीद में अब इस मामले को संगठन और जनप्रतिनिधियों के सामने रखा है। उन्होंने जिला प्रभारी अशोक रोहाणी, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले और सिवनी विधायक दिनेश राय को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। मनोज का दावा है कि उनके पास डिजिटल ट्रांजैक्शन के सबूत भी मौजूद हैं, जिन्हें उन्होंने शिकायत के साथ संलग्न किया है।

अब सबकी निगाहें भाजपा संगठन और जिले के जिम्मेदार नेताओं पर टिकी हैं। सवाल यह है कि क्या पार्टी इस मामले की निष्पक्ष जांच कराएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेगी, या फिर यह विवाद भी राजनीतिक रसूख के साये में दबकर रह जाएगा। फिलहाल सिवनी की जनता इस मामले में स्पष्ट जवाब और कार्रवाई का इंतजार कर रही है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें अधिकारी, कोई भी शिकायत न रहे नॉट अटैंडेड- कलेक्टर श्री नारायन

## कलेक्टर श्री नारायन ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

छिंदवाड़ा| संवाददाता
rashtrabaan.in

**कलेक्टर** हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व आयुक्त नगर निगम छिंदवाड़ा श्री सी. पी.राय सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, जनआकांक्षा, न्यायालयीन प्रकरणों तथा विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी



शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को बेहतर आपसी समन्वय में रहते हुए समय सीमा में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी**

कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाए। अधिकारी नियमित रूप से जिला कंट्रोल रूम पहुंचें और शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। एक भी शिकायत नॉट अटैंडेड नहीं रहनी चाहिए। इस संबंध में उन्होंने श्रम विभाग को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**चालानी कार्यवाही जारी रखें**

कलेक्टर श्री नारायन ने एनएचएआई, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और यातायात पुलिस को हर्रई बायपास मार्ग पर पेट्रोलिंग करने और अनाधिकृत पार्किंग में खड़े बड़े वाहनों पर लगातार चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन ने बनाई सैंपलिंग की नई व्यवस्था**

पिछले बैठक में दिए गए निर्देशानुसार आमजन की सुविधा के लिए सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे ने बताया कि जिला अस्पताल में मॉर्निंग ओपीडी के दौरान प्रातः 9.30 से दोपहर 2.30 बजे तक जांच के लिए विभिन्न सैंपल लेने की व्यवस्था करने के साथ ही एक नर्स की ड्यूटी लगाई गई है, जो दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक भी सैंपल कलेक्शन का कार्य करेगी।

### विलंब से एम्बुलेंस पहुंचने पर जताई कड़ी नाराज़गी

बीते दिन शहर से लगे रिंग रोड के पास हुई दुर्घटना के बाद कॉल करने के लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय के बाद एम्बुलेंस के पहुंचने पर कलेक्टर श्री नारायन ने सीएमएचओ पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने शहरी क्षेत्र में उपलब्ध वाहनों की संख्या, 108 कॉल सेंटर में कॉल करने से लेकर एम्बुलेंस के पहुंचने तक के समय और मूवमेंट की विस्तृत जानकारी के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी 108 वाहन चालकों की बैठक लेकर इस संबंध में सेंसिटाइज करने, गोल्डन आवर के महत्व को समझाने और संबंधित को लापरवाही के लिए नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

### डीजे का नियमानुसार ही हो संचालन

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि शहर में बगैर अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। अनुमति प्राप्त डीजे का उपयोग भी शासन द्वारा निर्धारित तीव्रता के अनुसार ही किया जाए। इस संबंध में सभी मंगल भवन/मैरिज लॉन संचालकों से वचनबद्धता प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाएं और इसका पालन भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी नियंत्रण के लिए इस पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

# शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

छिंदवाड़ा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) छिंदवाड़ा में 10 मार्च 2026 को विज़न इंडिया (सुज़की मोटर गुजरात प्रायवेट लिमिटेड) द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए एफटीसी हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संस्था द्वारा कैंपस सूचना जारी की गई है जारी सूचना के अनुसार आईटीआई के विभिन्न ट्रेड जैसे इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, डीजल मैकेनिक, पेंटर जनरल, ट्रैक्टर मैकेनिक आदि पात्र होंगे।

# आबकारी विभाग की नाक के नीचे मधुशाला बना सिवनी

## नियमों का खुलेआम 'एनकाउंटर' सदके बनी अहाता!

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**कहने** को तो सरकारें मंचों से नशामुक्ति के लंबे-चौड़े वादे करती हैं, लेकिन सिवनी जिले में धरातल की हकीकत इसके उलट है। यहाँ जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक की कथित सरपरस्ती में नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। आलम यह है कि पूरा शहर एक ओपन बार में तब्दील हो चुका है, जहाँ शराब माफियाओं का राज चल रहा है।

**अंधेर नगरी-चौपट राजा- विभाग ने किया आत्मसमर्पण**

आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली अब जाँच का विषय नहीं, बल्कि अंधेर नगरी-चौपट राजा के खेल का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। समाचार पत्रों में लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग ने शराब माफियाओं के सामने घुटने टेक दिए हैं। ठेकेदारों को मिली इस अभयदान ने शहर की कानून व्यवस्था को ताक पर रख दिया है।

सड़कों पर जाम का खेल और आम जनता का दर्द नियमों के मुताबिक सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना दंडनीय अपराध है, लेकिन शहर की सड़कों के किनारे ही अब महफिलें सज रही हैं।

दुकानों के सामने ही अवैध रूप से बैठने की व्यवस्था कर दी गई है।शराब के साथ-साथ चखना, डिस्पोजल गिलास और पानी के पाउच धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। शराबियों के हुड़दंग और सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण महिलाओं, बच्चों और आम राहगीरों का पैदल निकलना दूभर हो गया है।




### शासन और माफिया का अपवित्र गठबंधन

अगर वक्त रहते इन अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं कसी गई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि शासन और माफिया के बीच का यह अपवित्र गठबंधन अटूट है। विभाग की यह मेहरबानी शहर को नर्क बनाने पर तुली है, जिससे आम जनता में भारी रोष व्याप्त है।

### साहब की चुप्पीः मोटा नजराना या लापरवाही?

हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी विनोद खटीक की नाक के नीचे यह सब चल रहा है, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में आ जाए, तो सवाल उठना लाजिमी है। वही चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या इस खामोशी के पीछे किसी %मोटे कमीशन% का खेल है? अधिकारियों की आँखों पर बंधी यह पट्टी क्या तब खुलेगी जब कोई बड़ी अनहोनी हो जाएगी?




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433